



## खबर संक्षेप

### जिले में 1285 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 23 सितम्बर तक 1285 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 12.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1497.7 मिली मीटर, पुसौर में 1396, खरसिया में 1169.3, घरघोड़ा में 1268.8, तमनार में 1031.1, लैलूंगा में 1097.9, मुकडेगा में 1490.8, धरमजयगढ़ में 1025.4, छाल में 1208 एवं कापू में 1664.9 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### 25 लीटर महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस ने मोटरसाइकिल से शराब परिवहन कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 25 लीटर कच्ची महुआ शराब और प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त की गई है। दरअसल पुलिस को सूचना मिली कि गोवर्धनपुर की ओर से एक मोटरसाइकिल में दो युवक रायगढ़ शहर की तरफ अवैध शराब लेकर आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने बेलादुला खर्राघाट पुल के पास घेराबंदी कर संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोका और उसमें सवार दोनों युवकों को पकड़ लिया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम राकेश कुमार चौहान पिता सुखलाल चौहान 36 वर्ष व पीछे बैठे युवक ने अपना नाम इन्द्रजीत भुईहर पिता राम प्रसाद भुईहर 24 वर्ष दोनों निवासी खैरपुर थाना कोतरारोड़ बताया। तलाशी लेने पर उनके पास से 25 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई।

### जोरापाली में अवैध शराब बेचता युवक गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतरारोड़ पुलिस ने ग्राम जोरापाली में दबिश देकर एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 7 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नेशनल हाईवे जोरापाली के पास एक व्यक्ति शराब बिक्री के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। इस पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मौके पर दबिश दी और संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अमन सोनी पिता अभय किशोर वर्मा 25 वर्ष मूल निवासी उत्तर प्रदेश व वर्तमान पता धनागर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 7 लीटर महुआ शराब मिला, जिसे पुलिस ने जप्त कर लिया है। वहीं उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### कलेक्टर ने शिक्षकों को किया सम्मानित

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने शिक्षक दिवस पर राजभवन रायपुर में जिले से सम्मानित शिक्षकों सुनीता यादवए प्रियंका गोस्वामी और समय लाल काठे को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आमंत्रित कर उन्हें गुलदस्ता देकर सम्मानित किया और उन्हें राज्य स्तर के इस पुरस्कार के लिए चयनित होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी।

# सप्तमी को दर्शन देंगी मां जगतजननी, कलाकार मूर्तियों को दे रहे अंतिम रूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सोमवार से शक्ति की भक्ति की आराधना शुरू हो गई है। सप्तमी को मां जगतजननी पंडालों में विराजमान होंगी और इस दिन लोगों को दर्शन देंगी। ऐसे में शहर के कलाकार मूर्तियों को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं।

इसी तरह शहर में पंडालों को आकर्षक बनाने के लिए आयोजन समितियां जी-जान से जुटी हुई हैं। हर साल की तरह इस साल भी रायगढ़ शहर में नवरात्र पर्व को भव्य और अनोखे अंदाज में मनाया जाएगा। शहर के पंडालों की खूबसूरती और मां की प्रतिमाओं की भव्यता इस बार लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र होंगी। सप्तमी के दिन शहर के पंडालों में मां दुर्गा की 15 से 20 फीट प्रतिमाएं विराजमान होंगी और विधि-विधान से हवन-पूजन के बाद लोग मां के दर्शन कर सकेंगे। इस बार मूर्तियों की खासियत यह होगी कि इन्हें पूरी तरह से इको फ्रेंडली तरीके से तैयार किया जा रहा है।

रायगढ़ के अनुभवी मूर्तिकार सोमेन्द्र जो पिछले 25 वर्षों से इंदिरा नगर में मां की मूर्ति बनाने का कार्य कर रहे हैं उन्होंने बताया कि इस साल मूर्तियां पहले से ज्यादा आकर्षक और अलग रूप में नजर आएंगी। उन्होंने कहा कि वो कोशिश कर रहे हैं कि मूर्तियां पर्यावरण के अनुकूल हों और उनकी सजावट परंपरा के साथ आधुनिकता का मिश्रण पेश करे।

**पंडालों को आकर्षक बनाने जी-जान से जुटी आयोजन समितियां**



### 70 हजार रुपए तक बिकेंगी मूर्तियां

सोमेन्द्र ने कहा कि सबसे पहले गीली मिट्टी से मूर्ति का आकार तैयार किया जाता है। इसके बाद मूर्ति को सूखने के लिए रखा जाता है और फिर उसकी मरम्मत कर अंतिम रूप दिया जाता है। फिर जरूरत के अनुसार रंगरोगन कर मूर्ति को सजाया जाता है। बारिश के दिनों में मूर्तियों को गीलेपन से बचाने के लिए उन्हें धुएं की गर्माहट से सुखाया जाता है ताकि मिट्टी मजबूत और टिकाऊ बनी रहे। उन्होंने आगे कहा कि मूर्तियों को बनाने में काफी मेहनत लगती है। छोटी मूर्तियां जो 5 से 10 फीट तक की होती हैं उन्हें तैयार करने में लगभग 15 दिन का समय लगता है। वहीं बड़ी मूर्तियों को बनाने में एक से डेढ़ महीने तक का समय लग जाता है। इस मेहनत के चलते इनकी कीमत भी अलग-अलग होती है। इस साल की महंगी मूर्तियों की कीमत लगभग 70 हजार रुपए तक रखी गई है।

### इन स्थानों पर उमड़ती है हजारों की भीड़

पंडालों की भव्यता, माता के श्रृंगार और दर्शन के लिए शहर के दक्षिण चक्रधर नगर, चक्रधर नगर चौक, सावंड़िया बिल्डिंग परिसर, गांधी गंज, स्टेशन चौक, हंडी चौक, बीड़पारा जैसे प्रमुख स्थानों पर हर साल हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है।

## रायगढ़ पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का किया भंडाफोड़, 40 लाख की 52 दुपहिया जप्त

# बाजार, हॉस्पिटल, मंदिर के पास खड़ी बाइक पर निगाह रख करते थे चोरी, 18 गिरफ्तार

### फैक्ट फाइल

52 दुपहिया वाहन जप्त

40 लाख रुपए कीमती

38 एफएच डिलक्स

09 स्पेलेण्डर बाइक्स

04 बजाज प्लेटिना

01 एक्टिवा वाहन

06 स्कूटी वाहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले संगठित गिरोह का भांडाफोड़ किया है। एसपी द्वारा गठित साइबर सेल और विभिन्न स्थानों की विशेष टीम ने बाइक चोर राजा खान समेत 18 आरोपियों को दबोचा है। यह आरोपी बाजार, हॉस्पिटल, मंदिर के पास खड़ी बाइक्स पर निगाह रखते हुए मास्टर की का इस्तेमाल कर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। आरोपियों के कब्जे से 40 लाख रुपए की 52 दुपहिया वाहन को जप्त किया गया है।

दरअसल शहर के इतवारी बाजार, केजीएच और श्याम मंदिर के पास से लगातार हो रही बाइक चोरी को गंभीरता से लेते हुए एसपी दिव्यांग पटेल ने साइबर सेल और शहर के थानों को पुराने बाइक चोर की गतिविधियों पर निगाह रखने निर्देशित किया था। जिस पर साइबर सेल की टीम बाइक चोरी में गिरफ्तार आरोपियों पर निगाह रखी हुई थी। पिछले दिनों बाइक चोर राजा खान को एक बिना नंबर बाइक के साथ संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया, जिससे पूछताछ में उसने पिछले कुछ समय के अंतराल में रायगढ़ के इतवारी बाजार, जिला हॉस्पिटल, श्याम मंदिर, संजय मार्केट, किरोड़ीमल, पुसौर तथा सक्ती, हसौद व सारंगढ थाना क्षेत्र से अपने साथियों के साथ मिलकर बड़ी संख्या में बाइक चोरी करना बताया। आरोपी के इस खुलासे पर एसपी दिव्यांग पटेल ने साइबर डीएसपी अनिल विश्वकर्मा के सुपरविजन में साइबर सेल, थाना कोतवाली, कोतरारोड़, जूटमिल, पुसौर, लैलूंगा स्टाफ की विशेष टीम गठित की और गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी और चोरी की बाइक रिकवरी में लगाई। विशेष टीम ने राजा खान और उसके 17 साथियों को अलग-अलग थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर चोरी की 52 दुपहिया वाहन जप्त किया है।

> बाइक चोरों को पकड़ने के लिए साइबर सेल व अलग-अलग थानों की टीम लगी हुई थी। तब हमें क्लू मिला कि इसमें एक गैंग सक्रिय है। उक्त क्लू के आधार पर उस गैंग की पतासाजी कर रैकी की गई और धीरे-धीरे करके पूरे गैंग को पकड़ा गया। इसमें अभी तक 18 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है और 52 बाइक बरामद किए गए हैं, जिसकी कीमत 40 लाख से भी ज्यादा है।
>
> **दिव्यांग पटेल**
> एसपी, रायगढ़।

### ये आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

बाइक चोरी के मामले में राज उर्फ राजा खान पिता अली खान (34), निवासी कोडपाली थाना पुसौर, वर्तमान पता लाखा थाना कोतवाली, अजय कुमार साहू पिता कृष्ण कुमार साहू (21), निवासी खजरी थाना केडार जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़, अर्जुन महिलाने पिता बाबू लाल महिलाने (25), निवासी भदरा थाना कोसीर जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़, मेमसाय साहू पिता मन्दरू लाल साहू (20), निवासी खजरी थाना केडार जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़, भानुप्रताप खूंटे पिता मनोहर लाल खूंटे (22), निवासी हीरी थाना सिटी कोतवाली सारंगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़, लक्ष्मण दास महंत उर्फ छोटे पिता समारू दास महंत (23), निवासी पटारीपाली थाना केडार जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़, देवकुमार भारद्वाज पिता दुजेराम भारद्वाज (32), निवासी ग्राम मेढ़ापाली थाना डभरा जिला सक्ती, उसत दास महंत पिता गुलाब दास महंत (23), निवासी सारसमाल थाना लैलूंगा, नरेंद्र पैंकरा पिता कमल पैंकरा (21), बरसा बहार थाना लैलूंगा, रोहित सारथी पिता पिंटू सारथी (19), वार्ड नंबर 1 लैलूंगा, जयराम चौहान, हिदायत खान, मुकेश दास, किशन बंजारे, रामा कोसले, शोभाराम यादव, देव पैंकरा, व छतर राठिया पुलिस के हत्थे चढ़े हैं।

### जिले में बाइक चोरी के 21 एफआईआर दर्ज

प्रारंभिक जांच में बरामद बाइक में 21 बाइक पर रायगढ़ जिले में एफआईआर दर्ज मिले हैं। जिसमें कोतवाली में 7, पुसौर में 4, चक्रधरनगर में 3, जूटमिल में 2, धरमजयगढ़ में 2, घरघोड़ा में 1, कोतरारोड़ में 1 व खरसिया में 1 शामिल हैं। इसके अलावा सारंगढ़ में 1, हसौद में 1 व सक्ती में 1 एफआईआर दर्ज है।

### डिलक्स, स्प्लेंडर और प्लेटीना में रखता है दिलचस्पी

इस गिरोह का मास्टर माइंड राजा खान का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड है, जो चोरी के मामले में धरमजयगढ़ और बरमकेला से गिरफ्तार हो चुका है। आरोपी ने बताया कि वह आसानी से बिक्री होने वाली एचएफ डीलक्स, स्प्लेंडर, प्लेटिना बाइक चोरी में दिलचस्पी रखता था, जिसे ये मास्टर की से लॉक खोलकर चुराया करता था।



### महिला से छेड़खानी आरोपी को जेल

**रायगढ़।** कोतरारोड़ थाना क्षेत्र में महिला से छेड़खानी और मारपीट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी की पहचान लाला साहू उर्फ बालकदास साहू पिता स्व. जयकरण साहू 43 वर्ष निवासी किरोड़ीमलनगर के रूप में हुई है। मामले में पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दो दिन पहले आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौच और मारपीट की थी, जिस पर कोतरारोड़ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की थी। उसी विवाद को लेकर 21 सितंबर की दोपहर आरोपी ने पीड़िता को मेरे खिलाफ थाना में शिकायत की है कहकर धमकी देते हुए उस पर बुरी नीयत से छेड़छाड़ की और गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों से उसकी पिटाई कर दी। घटना को पीड़िता के पति और आसपास मौजूद लोगों ने देखा तथा बीच-बचाव भी किया। महिला की रिपोर्ट पर थाना कोतरारोड़ में अपराध दर्ज कर आरोपी लाला साहू को गिरफ्तार किया गया और न्यायालय में पेश कर रिमांड पर भेजा गया।

# आयुर्वेद दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

दसवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर रायगढ़ जिला आयुष कार्यालय द्वारा विविध आयोजन कर जन.जन को आयुर्वेद की महत्ता से अवगत कराया गया। आयुर्वेद जन.जन के लिए पृथ्वी के कल्याण के लिएए की थीम पर आधारित इस आयोजन का शुभारंभ प्रातः 6.30 बजे रन फॉर आयुर्वेदा से हुआए जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारीए कर्मचारी और आम नागरिकों की सहभागिता रही।

इसके पश्चात प्रतिभागियों ने 1 घंटे तक योगाभ्यास कर तन.मन को ऊर्जा से भर दिया। आयुर्वेद और प्रकृति के समन्वय को दर्शाते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गयाए जिसमें 50 पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। प्रातरू 10 बजे जिला आयुष कार्यालय के मीटिंग हॉल में भगवान धन्वंतरि की पूजा.अर्चना की गईए जिसमें सभी के स्वास्थ्यए समृद्धि एवं कल्याण की कामना की गई। जन और जीवन के लिए आयुर्वेद विषय पर सार्वजनिक व्याख्यान एवं संगोष्ठियों का आयोजन हायर सेकेंडरी स्कूल चक्रधर नगर, नटवर स्कूल, आईटीआई बोईरदादर सहित विभिन्न स्थानों पर किया गया, जहां विशेषज्ञों ने आयुर्वेद की वैज्ञानिकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। प्रातः 11 बजे जिला आयुर्वेद चिकित्सालय परिसर में मुख्य अतिथि महापौर जीवर्धन चौहान, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो तथा जिला आयुष अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर गौरहा द्वारा विधिवत रूप से निरूशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का शुभारंभ किया गया। इस शिविर में कुल 196 मरीजों को परामर्श प्रदान कर निरूशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। शिविर स्थल पर विभिन्न आयुर्वेदिक विषयों पर आधारित पाम्पलेट जैसे.उच्च रक्तचाप, मधुमेह, वातरोग, ऋतुचर्या, योगाभ्यास आदि का वितरण किया गया एवं प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को जानकारी दी गई। इस आयोजन का सफल संचालन जिला आयुष अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर गौरहा के मार्गदर्शन एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. कुणाल पटेल के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. मीरा भगत, डॉ. अजय नायक, डॉ. प्रियंका नायक, डॉ. प्रशांत सक्सेना, डॉ. रविशंकर पटेल, डॉ. नीरज मिश्रा, डॉ. देवाशीष राय चौधरी, डॉ. शेख सादिक, डॉ. संजीव पटेल, डॉ. सुभाष झा, डॉ. संतोष गुप्ता सहित समस्त विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




# स्वानों की नसबंदी में लापरवाही से एनीमल लवर ग्रुप में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भिलाई की एजेंसी एनिमल केयर सर्विसेस द्वारा स्वानों की लापरवाहीपूर्वक नसबंदी करने से एनिमल लवर ग्रुप में आक्रोश नजर आ रहा है। एसडीएम से शिकायत के बाद कार्रवाई नहीं होने पर एनिमल लवर ग्रुप व जीवनदायी आश्रम रायगढ़ ने मिलकर निगम कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय को ज्ञापन सौंपा है। वहीं इस तरह के बधियाकरण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। दरअसल शहर के ट्रांसपोर्ट नगर में 10 हजार कुत्तों का बधियाकरण किया जाना है। यहां पर्याप्त संसाधन व स्टाफ की कमी भी है। यहां के डॉक्टर द्वारा स्वानों के बधियाकरण के बाद उनके टेस्टिकल में लगे कच्चे टांके खुल रहे हैं। इतना ही नहीं स्वानों को जिस स्थान से उठाकर ले जाया जा रहा है वहां न छोड़कर अन्यत्र छोड़ दिया जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर एनिमल लवर ग्रुप ने कुछ दिनों पहले ही एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था, लेकिन उनके आश्वासन के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिस पर मंगलवार को एनिमल लवर ग्रुप के साथ जीवनदायी आश्रम द्वारा निगम कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा गया है। जिस पर श्री क्षत्रिय ने उन्हें आश्वासन दिया है कि जो कुछ भी हो रहा है उस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। कोशिश यही की जा रही है हर चीज बेहतर तरीके से हो। अगर इसके बाद भी बधियाकरण में लापरवाही हो रही है तो वो इसे दिखवाएंगे।



**बधियाकरण तत्काल बंद कराने कमिश्नर को सौंपा गया ज्ञापन**

## मोबाइल से कटेगा ऑनलाइन चालान, रायगढ़ में आईटीएमएस की हुई शुरुआत

# सड़क पर खड़ा किया वाहन तो ऐप से जनता करेगी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से रायगढ़ जिले में अब महानगरों की तर्ज पर आईटीएमएस (इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) लागू किया जा रहा है। इस व्यवस्था का उपयोग आम नागरिक अपने मोबाइल फोन के माध्यम से कर सकेंगे।

दरअसल रायगढ़ में अक्सर वाहन चालकों द्वारा सड़कों पर अव्यवस्थित पार्किंग करने से जाम की स्थिति बन जाती है। यदि आमजन भी यातायात व्यवस्था में सहयोग करें तो यातायात और बेहतर होगा। इसी सोच के तहत आईटीएमएस की शुरुआत की जा रही है, जो फिलहाल अवैध पार्किंग की शिकायतों पर कार्य करेगी। इस ऐप को प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। नागरिकों से अपील है कि जब भी कहीं गलत पार्किंग दिखाई दे, जिससे ट्रैफिक बाधित हो रहा हो तो 10-15 सेकंड का वीडियो बनाकर एम परिवहन ऐप में अपलोड करें। यह सूचना सीधे यातायात पुलिस रायगढ़ तक पहुंचेगी और सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापन के बाद वास्तविक पाए जाने पर वाहन स्वामी के खिलाफ ई-चालान जनरेट होगा। कार्यक्रम के दौरान एसपी दिव्यांग पटेल के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम, डीएसपी साइबर सेल अनिल विश्वकर्मा, ट्रैफिक डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मौके पर एम-परिवहन ऐप के उपयोग और ई-चालान भुगतान प्रक्रिया संबंधी पोस्टर का भी विमोचन किया गया।



### सड़क हादसों में आएगी कमी

पुलिस के अधिकारियों ने दावा किया है कि इस नई व्यवस्था से ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में निश्चित ही कमी आएगी। पुलिस प्रशासन ने जिलेवासियों से आग्रह किया है कि एम-परिवहन ऐप का सक्रिय रूप से उपयोग कर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने में सहयोग दें।

### लोग करेंगे शिकायत

> मुख्य मार्गों व सड़कों पर बेतरतीब वाहन खड़ी करने से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा जाती है। यह शहर में बहुत बड़ी समस्या है। इस पर लगातार ट्रैफिक पुलिस कार्रवाई तो करती है, लेकिन व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा था। जिससे हमनें महानगरों के तर्ज पर रायगढ़ में आईटीएमएस सिस्टम शुरू किया है। जिसमें एम-परिवहन ऐप से कोई भी आम आदमी ऐसी वाहनों की शिकायत कर सकता है।
>
> **दिव्यांग पटेल,** एसपी, रायगढ़


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI RAIGARH

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• FITTER 2 Year (10th Pass)

उड़ीसा रोड़ , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)

89595-93923 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### सड़क दुर्घटना मामले में 25 हजार स्वीकृत

**जशपुरनगर।** एसडीएम पत्थलगांव ने सड़क दुर्घटना के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु 25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत पत्थलगांव तहसील के ग्राम पण्डरीपानी निवासी श्रीनाथ पैंकरा की सड़क दुर्घटना में 5 जून 2024 अक्टूबर 2024 को मृत्यु हो जाने से मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी परमिला पैंकरा हेतु 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### जिले में 1 जून से अब तक 10291.6 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 1 जून से अब तक 10291.6 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 23 सितम्बर तक की स्थिति में 10149.1 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 28.8 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 1186.8 मिमी, मनोरा में 1288.3 मिमी, कुनकुरी में 1461.4 मिमी, दुलदुला में 628.9 मिमी, फरसाबहार में 781.4 मिमी, बगीचा में 1124.0 मिमी, कांसाबेल में 955.8 मिमी, पत्थलगांव में 924.4 मिमी, सन्ना में 1206.3 मिमी एवं बागबहार में 734.3 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### प्राकृतिक आपदाः परिजन के लिए 4 लाख स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। कुनकुरी तहसील अंतर्गत ग्राम कुंजारा, निवासी स्व. नरेन्द्र कुमार नाग का कुआं के पानी में डूबने से 06 दिसम्बर 2023 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पिता देवधर राम हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट हेतु शिविर कल से

**जशपुरनगर।** सर्वाच्च न्यायालय के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत समस्त श्रेणी के मोटर वाहनों पर एचएसआरपी (हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट) लगवाया जाना अनिवार्य किया गया है। इस संबंध में जशपुर जिले में एचएसआरपी नंबर प्लेट हेतु शिविर 25 सितम्बर से 24 अक्टूबर 2025 तक विभिन्न स्थलों पर किया गया है। इनमें 25 से 27 सितम्बर 2025 तक जनपद पंचायत भवन कुनकुरी, 29, 30 सितम्बर एवं 01 अक्टूबर 2025 तक जनपद पंचायत भवन मनोरा, 03,04 एवं 06 अक्टूबर 2025 तक जनपद पंचायत भवन कांसाबेल, 07 से 09 अक्टूबर तक नगर पंचायत कोतबा, 10, 11 एवं 13 अक्टूबर तक जनपद पंचायत पत्थलगांव, 14 से 16 अक्टूबर तक जनपद पंचायत भवन फरसाबहार, 17 से 18 अक्टूबर तक जनपद पंचायत सन्ना तथा 22 से 24 अक्टूबर तक जनपद पंचायत भवन बगीचा में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### ड्रेसिंग के दौरान मरीज की जेब से ड्रेसर ने पार किए 7 हजार रुपए

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ड्रेसिंग के दौरान एक मरीज की जेब से 7 हजार रुपए चोरी करने का मामला सामने आया है। मरीज को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद भर्ती कराया गया था और सोमवार को ही उसे आईसीयू से सर्जिकल वार्ड में शिफ्ट किया गया था। इस घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद अधिकारियों ने प्रारंभिक जांच के बाद मरीज के 5 हजार रुपए बरामद कर मरीज को वापस लौटा दिया है लेकिन इस घटना से अस्पताल में आने वाले मरीजों की सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है। बताया जा रहा है कि मूलतः बिहार के मध्यपूरा लवालगाम निवासी मोहम्मद जसीम नादाब आ. जहीर नादाब कुसमी में रहकर ऑटो चलाने का काम करता है। रविवार को जसीम की ऑटो कुसमी के समीप किसी घाट के पास खराब हो गई जिसके बाद चालक ऑटो को खड़ी कर पीछे बैठकर मरम्मत का काम कर रहा था। इस दौरान अचानक ही ऑटो पीछे लुढक गई और चालक के ऊपर चढ़ गई। ऑटो के ऊपर चढ़ने से जसीम गंभीर रूप से घायल हो गया।

---

**कार्यक्रम में विधायक रायमुनी भगत हुईं शामिल**

# सीएम ने लोखंडी व रेंगले में महतारी सदन का किया वर्चुअली लोकार्पण





**हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धमतरी जिले के ग्राम करेलीबड़ी से छत्तीसगढ़ के 51 महतारी सदन भवनों का वर्चुअली लोकार्पण किया। इनमें जशपुर जिले के लोखंडी एवं रेंगले ग्राम पंचायतों में निर्मित महतारी सदन भी शामिल हैं।

बगीचा विकासखंड के रेंगले में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने महतारी सदन का प्रतीकात्मक लोकार्पण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर जीवन ज्योति समूह रेंगले की सदस्य उमा यादव को वर्चुअली माध्यम से मुख्यमंत्री से बातचीत करने का अवसर मिला। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया और कहा कि पहले समूह की बैठकें पेड़ के नीचे या किसी के घर पर होती थीं, जिससे बारिश और गर्मी के मौसम में दिक्कत होती थी। अब महतारी सदन बनने से महिलाएं सामाजिक एवं सांस्कृतिक बैठकें आसानी से कर पाएंगी। इससे आपसी सौहार्द भी मजबूत होगा। इस अवसर पर विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है।

महतारी सदन से महिलाओं को न सिर्फ सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए मंच मिलेगा, बल्कि वे अपनी आर्थिक गतिविधियों को भी संगठित रूप से आगे बढ़ा सकेंगी। इस अवसर पर बगीचा जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्यगण, अधिकारी–कर्मचारी सहित लगभग 400 बिहान की दीदियां उपस्थित रहीं।

### विधायक समेत ग्रामीणों ने कुरोंग में किया ग्राम भ्रमण



ग्रामों के समग्र विकास के लिए आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले के सभी ग्रामों में ग्राम भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत मंगलवार को बगीचा विकासखण्ड के ग्राम कुरोंग में आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत ग्राम भ्रमण कार्यक्रम में सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक पत्थलगांव गोमती साय भी शामिल हुईं। इस अवसर पर उनके साथ सरपंच कुरोंग लकूराम, जनप्रतिनिधि दीपक नागेश, बीएमटी एलएस केरकेट्टा, सचिव अनूप साय, रोजगार सहायक गणेश यादव समेत आदि सहयोगियों एवं ग्रामीणों ने भ्रमण में हिस्सा लिया। इस दौरान सभी ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनके मन की बात जानी, उनके गांव को उनके सपनों सा विकसित ग्राम बनाने के लिए ग्रामीणों से उनके सुझाव जाने।

> ■ विधायक ने ग्रामीणों से मिलकर बनाई ग्राम विकास की समग्र योजना

### जनदर्शन में पहुंचे आवेदकों ने सुनाई अपनी समस्या, त्वरित निराकरण के करने निर्देश



**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़**

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टोरेट परिसर में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में तहसील पुसौर के ग्राम गोर्रा निवासी समारू चौहान ने अपने मकान की छत के ऊपर से गुजर रहे 11 केवी विद्युत तार को हटवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि यह तार काफी ढीला हो चुका है और छत के बेहद पास होकर लटक रहा है, जिससे शॉर्ट सर्किट की घटनाएं हो सकती है और जान.माल का खतरा बना हुआ है। समारू ने यह भी बताया कि इस संबंध में उन्होंने कुसमुरा विद्युत केंद्र में पहले भी शिकायत किए थे, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। कलेक्टर ने कार्यपालन अभियंता, विद्युत विभाग को मामले पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम पंचायत कोसमनारा के ग्रामीणों ने गांव के देवस्थल पर हुए अवैध कब्जे को हटाने की मांग को लेकर आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि यह देवस्थल तालाब के पास स्थित है, जहाँ वर्षों से ग्रामीण धार्मिक अनुष्ठान व पूजा.पाठ करते आ रहे हैं। किंतु गांव के ही कुछ लोगों द्वारा वहां जबरन कब्जा कर मकान निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

# कछार के शिवशक्ति मन्दिर में नवरात्र पर्व की धूम





**हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव**

नगर से 9 किलोमीटर की दूरी में स्थित ग्राम कछार शिव शक्ति मन्दिर में नवरात्र का पर्व धूमधाम से मनाय जा रहा है। प्रति वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी शिव शक्ति मन्दिर आसपास के गांव सहित दूर-दूर से माता रानी के दर्शन करने भक्त पहुंच रहे हैं। पूरे मन्दिर परिसर को जगमगाती लाइट से सजाया गया है जो देखते बन रहा है।

कछार मन्दिर समिति के ऋषि बेहरा ने बताया कि मन्दिर में भक्तों की लगातार बढ़ती भीड़ से ये अंदाजा लगाया जा सकता है कि मां की महिमा कितनी अपार है। यहीं पर मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई है। जो भक्तों ने अपने लिए परिवार की सुख शान्ति और सफलता के लिए करवाया है। मान्यता है कि कछार मन्दिर में माता रानी से मांगी हर मुराद माता रानी अवश्य पूरा करती है। मंदिर समिति के पप्पू यादव ने बताया कि रात्रि आरती में भक्तों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आरती पश्चात माता की रसोई का प्रसाद सभी भक्तों को दिया जाता है। रोजाना माता की रसोई का प्रसाद ग्रहण करने आसपास के गांव सहित दूर दूर से माता की भक्ति में डूबे भक्त रोजाना मन्दिर पहुंचकर माता रानी से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। बनारस से मन्दिर में पूजन करने आए आचार्य चन्द्रेश्वर मिश्रा ने बताया कि इस नवरात्रि में माता रानी का आगमन हाथी पर हुआ है। माता कि कृपा जिसके उपर हो जाये उसका जीवन सार्थक बन जाता है।

### बच्चों ने किया जिला संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण

**जशपुरनगर।** पीएम श्री सेजेस, मनोरा के विद्यार्थियों ने आज जिला संग्रहालय, जशपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों ने संग्रहालय में संरक्षित पुरातात्विक एवं जनजातीय सामग्रियो का गहन अवलोकन किया।



भ्रमण के समय संग्रहालय में उपस्थित डॉ विजय रक्षित, इतिहासकार एवं पुरातत्ववेत्ता विद्यार्थियों को प्राचीन मूर्तियों, शिलालेखों, पारंपरिक औज़ारों, आभूषणों तथा जनजातीय जीवन से जुड़ी विविध सामग्री के बारे में जानकारी दी।साथ ही किसी भी वस्तुओं का विकास के क्रम को बहुत ही सरल भाषा में बच्चों को बताएं। विशेष रूप से छात्र व छात्राओं ने उत्सुकता से सिक्के, पाषाण काल के टूल्स, जनजातीय आभूषण को देखा।बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। इसके पश्चात छात्र व छात्राओं का यह दल जशपुर के इतिहास को जानने के लिए आराम निवास का भी भ्रमण एवं अवलोकन किया। यहां पर भी डॉ विजय रक्षित ने जशपुर के गौरवशाली इतिहास की जानकारी दी।विद्यालय के प्राचार्य संशोधन मिंज ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों में इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व के प्रति जिज्ञासा बढ़ती है और उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होता है। छात्रों ने अपने अनुभव सजा कर बताया कि शैक्षणिक भ्रमण से ज्ञान और अनुभव का लाभ होता है शैक्षणिक भ्रमण के अवसर पर सत्यम माझी, मनीष कुंज, अमरेंद्र बरियार, हेमा त्रिपाठी, स्मिता अम्बष्ट तथा आशुतोष शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# युवती से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर**



थाना तुमला क्षेत्र में एक 19 वर्षीय युवती से दुष्कर्म करने और उसके परिवार की फोटो सोशल मीडिया पर डालकर अश्लील कमेंट्स करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता वर्ष 2023 में वह अपनी मां के साथ थाना तुमला क्षेत्र के एक ग्राम के मेला में चूड़ी बेचने गई थी। इसी दौरान ओडिशा निवासी सुनील रोहिदास 24 वर्ष उसके दुकान पर आया और चूड़ी देखने के बहाने उसका मोबाइल नंबर मांग लिया। कुछ समय बाद दोनों के बीच फोन पर बातचीत शुरू हुई। आरोपी ने युवती से प्रेम का झांसा देकर शादी का प्रस्ताव दिया। इसके कुछ महीनों बाद, 10 दिसंबर 2024 को दशहरा नाटक के दौरान आरोपी ने युवती को मेला स्थल के पास स्थित सूनसान खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद भी आरोपी द्वारा समय-समय पर युवती से दुष्कर्म किया जाता रहा।

#### चाबी व मोबाइल छीनकर भागा

किसी बात पर विवाद होने के बाद युवती और आरोपी के बीच बातचीत बंद हो गई। इसके बावजूद दिनांक 10 सितंबर 2025 को आरोपी ने युवती को मिलने बुलाया। जब युवती अपने पिता की लूना लेकर मिली, तो दोनों के बीच वाद-विवाद हुआ। आरोपी ने मारपीट करते हुए युवती की गाड़ी तोड़ दी और उसे जमीन पर पटक दिया। इसके बाद आरोपी ने गाड़ी की चाबी और युवती का मोबाइल फोन लूट लिया।

#### युवती एवं परिवार पर अश्लील कमेंट्स

आरोपी ने उसी मोबाइल से युवती की फेसबुक आईडी का उपयोग करते हुए युवती और उसके परिवार की फोटो डालकर अश्लील कमेंट्स कर दिए, जिससे युवती और उसके परिवार को अपमान और मानसिक आघात हुआ। जिसकी रिपोर्ट तुलना पुलिस को की गई। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना तुमला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भादवि की धारा 363, 366(क), 376(2)(एन), 427, 394, आईटी एक्ट की धारा 67, 67(ए)(बी) और पॉक्सो एक्ट की धारा 5, 6 के तहत अपराध दर्ज कर त्वरित जांच शुरू की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम ने आरोपी को उसके गृहग्राम ओडिशा से हिरासत में लेकर जशपुर लाया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। उसके कब्जे से मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है।

### मनोरा के आवास मित्र का चयन निरस्त

**जशपुरनगर।** मनोरा जनपद पंचायत के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में कार्यरत पोड़ी पटकोना कलस्टर के आवास मित्र हीरालाल राम का आवास मित्र के पद से चयन निरस्त किया गया। जनपद पंचायत मनोरा द्वारा जारी आदेशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास प्रगति हेतु हीरालाल राम का चयन आवास मित्र के रूप में किया गया था। किन्तु उनके द्वारा न तो समय पर आवास निरीक्षण किया जा रहा है, न आवास का जीईओ टैग किया जा रहा। जनपद स्तर पर आयोजित बैठक में उनके गतिविधियों को असंतोषजनक पाया गया, पंचायत द्वारा स्पष्ट किया गया कि श्री हीरालाल की निष्क्रियता के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना के सुचारू क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न हो रही थी साथ ही उन्हें कारण बताओ नोटिस भी भेजा गया था जिसका कोई जवाब नहीं दिया गया। यह निर्णय जनपद एवं जिला स्तर पर योजना के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को देखते हुए लिया गया।

### फतेपुर में आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ

**जशपुरनगर।** आदि कर्मयोगी अभियान"के अंतर्गत जशपुर जिले के फतेपुर में एक नये आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति रही। यह केंद्र आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास, सामाजिक उत्थान तथा विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का प्रमुख माध्यम बनेगा। जशपुर जिले में अब तक 417 गांव में आदि सेवा केंद्र का उद्घाटन कर दिया गया है कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद सदस्य दिनेश्वर प्रधान ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उमावती भगत सरपंच बुमतेल ने इस केंद्र को "जनहित और जनसहभागिता की नई पहल" बताते हुए कहा कि यह केंद्र आदिवासी समाज को आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की दिशा में नई ऊर्जा प्रदान करेगा।





# सलंगाबहाल से रायबोगा बिरमित्रपुर सड़क क्लोजर के कगार पर

**राउरकेला।** बीरमित्रपुर के तहत बन रहे रायबोगा से सलंगाबाहाल सड़क बीते दो वर्षों से कार्य शीथिलता के साथ मंद गति से बढ़ते हुए प्रगती रिपोर्ट ना के बराबर होने से विभागीय प्रशासन भी उकता गया है।

संलग्न जूनियर इंजीनियर दीपक मेहर ने साफ तौर पर कहा कि ठेकेदार पहुंच से बाहर है कॉल करने पर कॉल नहीं उठाता है व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी ऐसी ही प्रतिक्रिया को दोहराने के कारण विभागीय असमंजस्ता के वजह से बीते नोटिस के पश्चात नए नोटिस की तैयारी है। वहीं फ्रेश टेंडर से भी इनकार नहीं किया जा सकता। ज्ञात हो कि बीते सप्ताह राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने भी प्रशासन का ध्यानाकर्षण करते हुए कहा था कि सब कुछ ठीक नहीं है इसलिए इसे दुरुस्त किया जाये। तीसरे जूनियर इंजीनियर होने के बावजूद अभी तक 9 किलोमीटर की इस सड़क पर उत्साहवर्धक प्रगति न होने के कारण भी विभागीय कार्यवाई प्रगति पर है। वहीं जानकारी के अनुसार फाइनल नोटिस के प्रक्रिया की प्रतीक्षा है। ज्ञात हो कि यह ठेकेदार बीते दिनों में भी ऐसी ही प्रक्रिया के तहत अच्छे ट्रैक रिकॉर्ड से भटक गया है। खैर विभागीय कार्रवाई के पश्चात लोगों को शीघ्र ही इस लंबित सड़क व दुर्घटना की मुख्य कारण से छुटकारा मिलेगा। वहीं आए दिन यहां घटना दुर्घटना होती रहती है सड़क ठीक नहीं होने के कारण बड़ी गाड़ियों का भी आना जाना दुश्वार हो गया है व दिन भर उड़ती धूल ने स्थानीय लोगों का जीना दुर्भार कर रखा है और यह सड़क उड़ीसा से झारखंड को जोड़ती है जिससे इसकी महत्ता और भी बढ़ जाती है।

**उपभोक्ता बन रहे ऊर्जा उत्पादक. बचत भी, कमाई भी**

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से बदल रही जिंदगी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़**

सूरज की किरणें अब केवल जीवनदायिनी शक्ति ही नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और आर्थिक मजबूती का नया स्रोत भी बन चुकी हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ने आम उपभोक्ताओं को ऊर्जा उपभोक्ता से ऊर्जा उत्पादक बना दिया है। रायगढ़ जिले में यह योजना सैकड़ों परिवारों के जीवन को नई रोशनी दे रही है। अब तक जिले में 300 से अधिक घरों की छत पर सौर पैनल लगाए जा चुके हैं। इस योजना का लाभ उठाने वाले परिवारों के अनुभव ही इसकी असली सफलता की कहानी बयां कर रही हैं।



लोहरसिंह गांव के ईश्वर प्रसाद नायक ने बताया कि 3 किलोवॉट का सोलर प्लांट लगाने के बाद अप्रैल में 267 यूनिट बिजली उत्पन्न हुई। उन्हें 577 रुपए की छूट मिली। मई में उनका पूरा उपभोग सौर ऊर्जा से पूरा हुआ और बिल शून्य हो गया। रायगढ़ के प्रदीप मिश्रा और प्रदीप पटेल ने बताया गया कि इस योजना ने उन्हें आर्थिक राहत के साथ मानसिक शांति और आत्मनिर्भरता का अहसास भी कराया। हीरापुर कोतरा रोड के राजेंद्र चौरसिया ने बताया कि जुलाई में उनके 3 किलोवॉट प्लांट से 507 यूनिट बिजली उत्पन्न हुई। उन्हें 4,178 रुपए की छूट मिली। वे अब अतिरिक्त बिजली ग्रिड में देकर हर महीने हजारों रुपये की बचत कर रहे हैं। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम उपभोक्ताओं को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का एक सशक्त माध्यम है। उपभोक्ता न केवल घरेलू जरूरतें पूरी कर सकते हैं, बल्कि अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में बेचकर अतिरिक्त आमदनी भी अर्जित कर सकते हैं। विभागीय टीमें गांव गांव जाकर नागरिकों को योजना का लाभ समझा रही हैं। यह योजना केवल सस्ती बिजली तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उपभोक्ताओं को बचत और अतिरिक्त कमाई का अवसर देती है। परिवारों को आर्थिक सशक्तिकरण प्रदान करती है। पर्यावरण संरक्षण और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देती है।

### कृषि अधिकारियों का चरणबद्ध आंदोलन, सीएम को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर**

छत्तीसगढ़ में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और कृषि विकास अधिकारी अपनी लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं।

प्रांतीय आह्वान पर अधिकारियों ने 8 और 9 सितंबर को काली पट्टी लगाकर काम किया। इसके बाद 15 सितंबर को बिना संसाधन भत्ता के ऑनलाइन कार्य बंद कर कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया था। हालांकि, शासन की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। अब आंदोलन के तीसरे चरण में 23 सितंबर मंगलवार को जशपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ के अधिकारी एक दिन का अवकाश लेकर जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन और रैली आयोजित की। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। अधिकारियों की कुल नौ सूत्रीय मांग है शामिल ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और कृषि विकास अधिकारियों के प्रमुख मांगों में वेतनमान में संशोधन, मासिक स्थायी भत्ता बढ़ाने की मांग, संसाधन भत्ता उपलब्ध कराना, अतिरिक्त प्रभार का मानदेय,पदनाम में संशोधन, कई वर्षों से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को शीघ्र शुरू करना शामिल है।

> ■ लंबित मांगों के समर्थन में जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन और रैली निकाले



# मोहनलाल ने की दृश्यम 3 की शुरुआत शूटिंग से पहले शेयर कीं पूजा की तस्वीरें

**मुंबई।** मलयालम अभिनेता मोहनलाल ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'दृश्यम 3' के प्रोडक्शन से पहले पूजा की है। उन्होंने इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर शेयर की हैं। पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है 'जॉर्ज कुट्टी की दुनिया को एक बार फिर जीवंत करते हुए, आज पूजा के साथ 'दृश्यम 3' की शुरुआत हो रही है।' आपको बता दें कि 'दृश्यम 3' मलयालम फिल्म 'दृश्यम (2013)' की सीक्वल है। क्राइम थ्रिलर फिल्म 'दृश्यम' का निर्देशन जीतू जोसेफ ने किया था। इसमें मोहनलाल और मीना अहम किरदार में थे। फिल्म में आईजी गीता प्रभाकर का बेटा खो जाता है इसके बाद जॉर्ज कुट्टी (मोहनलाल) अपने परिवार को बचाने के लिए संघर्ष करते हैं।

## लाइफ Style

# भूमि
## फैंस को दी नवरात्रि की शुभकामनाएं

एजेंसी ▸▸ मुंबई

शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू हो चुकी है। माता रानी के इन नौ दिनों को माता के भक्त बड़ी ही आस्था और विश्वास के साथ मानते हैं। यह नौ दिन का त्योहार मां दुर्गा की पूजा के लिए समर्पित है।

पहला दिन मां शैलपुत्री को समर्पित है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और भारत की सांस्कृतिक परंपराओं को दर्शाता है। यह उत्सव 1 अक्टूबर तक चलेगा और 2 अक्टूबर को दशहरा के साथ समाप्त होगा। भूमि पेडनेकर ने सोमवार को नवरात्रि के पहले दिन अपने फैंस को इस खास दिन की शुभकामनाएं दीं और साथ ही मंदिर जाकर माता का आशीर्वाद लिया। भूमि ने कैप्शन में लिखा, 'नवरात्रि के पहले दिन, जम्मू स्थित पवित्र बावे वाली माता महाकाली दरबार से, मां काली का दिव्य आशीर्वाद आपके जीवन में शक्ति, ऊर्जा और नई सफलताएं लेकर आए।' प्रीति जिंटा ने सोमवार को नवरात्रि के शुभ अवसर पर इंस्टाग्राम पर अपनी एक खास तस्वीर शेयर की और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'सभी को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं। हमेशा प्यार और प्रकाश बना रहे। जय माता दी।' हेमा मालिनी ने सोमवार को नवरात्रि के इस शुभ अवसर पर अपने फैंस को बधाई दी और साथ ही दो खास तस्वीरें भी शेयर कीं। मशहूर अभिनेत्री हेमा मालिनी ने नवरात्रि के पावन पर्व पर अपने प्रशंसकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक खूबसूरत कोलाज साझा किया, जिसमें एक तरफ मां दुर्गा की तस्वीर और दूसरी तरफ खुद का देवी दुर्गा के रूप में दिखाई दीं।



## हॉलीवुड मसाला



# शूटिंग के दौरान हो गए चोटिल

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में स्पाइडर-मैन के नाम से पहचान बना चुके हॉलीवुड स्टार टॉम हॉलैंड हाल ही में अपने नए प्रोजेक्ट 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' की शूटिंग के दौरान चोटिल हो गए। इस हादसे के बाद न केवल फिल्म की शूटिंग रोकनी पड़ी, बल्कि उनके प्रशंसक भी काफी चिंता में पड़ गए। हालांकि राहत की बात यह है कि चोट गंभीर नहीं है और डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। यह चोट प्रोडक्शन शेड्यूल को बहुत अधिक प्रभावित नहीं करेगी।



# एआई के जरिए दिखाना चाहते थे रैम्बो का किरदार

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन एक्टर और फिल्म निर्माता सिल्वेस्टर स्टेलोन को उनके बेहतरीन किरदार जॉन रैम्बो के लिए जाना जाता है। दशकों पहले से वह रैंम्बो फ्रेंचाइजी की फिल्मों में इस किरदार को निभाते आ रहे हैं। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया है कि वह एक बार फिर इस किरदार को निभाना चाहते थे। उनके मुताबिक इस किरदार की उम्र कम करने के लिए वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करना चाहते थे। सिल्वेस्टर स्टेलोन चाहते थे कि रैम्बो फ्रेंचाइजी की एक प्रीक्वल बने। इसमें वह एक 18 साल के लड़के का किरदार निभाना चाह रहे थे। इसके लिए वह एआई के जरिए किरदार की उम्र कम करना चाहते थे। हालांकि, यह आइडिया लोगों को पसंद नहीं आया। इस पर सिल्वेस्टर स्टेलोन ने वैराइटी से बातचीत में कहा 'सबको लगा कि मैं पागल हो गया हूं।



# बुराई को खत्म करने निकलीं शिवानी

**मुंबई।** शारदीय नवरात्रि के प्रारंभ के मौके पर रानी मुखर्जी की फिल्म 'मर्दानी 3' का नया पोस्टर सामने आया है। मेकर्स ने महिला केंद्रित रानी की इस फिल्म का नया पोस्टर जारी कर, फिल्म को लेकर फैंस का उत्साह और भी बढ़ा दिया है। यशराज फिल्म्स ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में एक हाथ बंदूक पकड़े नजर आ रहा है। पोस्टर में किसी का चेहरा तो नहीं दिख रहा है। लेकिन संभवतः ये हाथ रानी मुखर्जी का ही है। हाथ में रानी घड़ी, कलावा पहने हुए हैं। सामने दिल्ली पोलिस की बैरिकेडिंग लगी हुई है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'नवरात्रि के शुभ दिन पर यहां बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाया जाता है।



# कांतारा-1 में राजा और प्रजा में होगा युद्ध

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी की इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' का ट्रेलर सोमवार सामने आ गया है। 2 मिनट 56 सेकंड के इस ट्रेलर में ऋषभ शेट्टी और गुलशन देवैया के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिलता है। गुलशन इस बार विलेन के किरदार में नजर आए हैं, वो फिल्म में राजा बने हुए हैं। फिल्म में इस बार राजा और प्रजा के बीच के युद्ध को दिखाया जाएगा। ट्रेलर में दंत कथाओं और लोक कथाओं का जिक्र है, जो फिल्म का मूल भी है। ट्रेलर देखकर ये साफ पता चलता है कि फिल्म में जबरदस्त वीएफएक्स और विजुअल्स देखने को मिलेंगे। क्योंकि, ट्रेलर में ही कुछ सीन ऐसे हैं, जो आपके मुंह से वाह निकाल सकते हैं। ऋषभ शेट्टी द्वारा निर्देशित 'कंतारा: चैप्टर 1' होम्बले फिल्म्स की सबसे बड़े प्रोजेक्ट में से एक है।

## टीवी मसाला



# राघवेंद्र से प्रभावित होकर बिग बी ने बांटे हेलमेट

**नई दिल्ली।** रिएलिटी गेम शो 'कौन बनेगा करोड़पति' के एक कंटेस्टेंट से दिग्गज एक्टर अमिताभ बच्चन इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने रविवार को अपने बंगले 'जलसा' के बाहर अपनी एक झलक पाने के लिए जमा हुए फैंस को हेलमेट बांटे। बिग बी हर रविवार को अपने मुंबई स्थित घर के सामने बड़ी संख्या में जमा होने वाले फैंस का अभिवादन स्वीकार करने घर से बाहर आते हैं। वो साल 1982 से ऐसा करते आ रहे हैं। उन्होंने 'हेलमेट मैन ऑफ इंडिया' के नाम से फेमस कंटेस्टेंट राघवेंद्र कुमार से प्रभावित होकर कुछ लोगों को हेलमेट भी बांटे। राघवेंद्र कुमार सड़कों पर बाइक सवारों की सुरक्षा के लिए उन्हें हेलमेट बांटने के लिए फेमस हैं। अमिताभ ने सोमवार को अपने 'एक्स' हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया। उन्होंने वीडियो के साथ लिखा, 'केबीसी में 'हेलमेट मैन' से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं... जो बाइक सवारों की सुरक्षा के लिए स्वेच्छा से हेलमेट देते हैं... मेरे लिए एक सीख... इसलिए मैंने रविवार को फैंस से मिलते समय उनका अनुसरण किया और जितने लोगों को हो सका, उन्हें डांडिया स्टिक और हेलमेट दिए... हर दिन एक सीख है।' राघवेंद्र कुमार ने पोस्ट का जवाब दिया और एक्टर के इस कदम को अपने जीवन का 'सबसे बड़ा अवॉर्ड' बताया। उन्होंने लिखा, 'आदरणीय बच्चन सर। आपके शब्द और आशीर्वाद मेरे जीवन का सबसे बड़ा अवॉर्ड हैं।

## बेघर होने के लिए ये कंटेस्टेंट्स हुए नॉमिनेट

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' अपने चौथे हफ्ते में पहुंच चुका है और हर एपिसोड में दर्शकों को नए ट्विस्ट और ड्रामे देखने को मिल रहे हैं। हाल ही में घर से बाहर किए गए नेहल चुडासमा का सफर भी खत्म होता दिखा था, लेकिन बिग बॉस ने हमेशा की तरह खेल को मोड़ दिया। उन्हें सीक्रेट रूम में भेज दिया गया है, जहां से वे घर की हर गतिविधि पर पैनी नजर रख रही हैं।



खास बात यह है कि बिग बॉस ने उन्हें नॉमिनेशन की खास ताकत दी है। यानी इस बार कौन-कौन से घरवाले बेघर होने की रेस में आएंगे, यह फैसला पूरी तरह नेहल के हाथों में रहा। , नेहल ने अपनी नई पावर का इस्तेमाल करते हुए इस हफ्ते जिन 6 कंटेस्टेंट्स को नॉमिनेट किया है, उनके नाम हैं- मृदुल तिवारी, आवेज दरबार, अशनूर कौर, नीलम गिरी, गौरव खन्ना और प्रणित मोरे। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि वीकेंड के वार पर सलमान खान किसे बाहर का रास्ता दिखाएंगे।

# अक्षय-सैफ की हैवान की शूटिंग की सामने आईं बीटीएस तस्वीरें

**मुंबई।** निर्देशक प्रियदर्शन अपनी नई फिल्म 'हैवान' की शूटिंग को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म की शूटिंग जारी है। इसमें अक्षय कुमार और सैफ अली खान अहम किरदार में हैं। दोनों 17 साल बाद फिर से साथ काम कर रहे हैं। फिल्म का प्रोडक्शन थेस्पियन फिल्म्स और केवीएन प्रोडक्शंस के तहत हो रहा है। फिल्म के सेट से बीटीएस तस्वीरें सामने आई हैं, जिससे फिल्म को लेकर चर्चा और बढ़ गई है। बताया जाता है कि रोमांचक थ्रिलर फिल्म 'हैवान' की शूटिंग लगभग 40 प्रतिशत पूरी हो चुकी है। इसकी शूटिंग कोच्चि, वागामोन और ऊटी में हुई है। फैंस अक्षय और सैफ की जोड़ी के पर्दे पर आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में सैयामी खेर और श्रिया पिलगांवकर भी हैं। हाल ही में पिंकविला के साथ बातचीत में प्रियदर्शन ने बताया था कि 'अगर आप मुझसे हैवान के बारे में पूछ रहे हैं, तो मोहनलाल उस फिल्म में हैं। हालांकि, वह कौन सा किरदार निभा रहे हैं, इस पर मैं अभी कुछ नहीं कहना चाहता। जब भी मैं कोई फिल्म बनाता हूं, तो मुझे कहानी ही उत्साहित करती है। मैं कभी भी कलाकारों के बारे में नहीं सोचता।' प्रियदर्शन के निर्देशन में अक्षय कुमार और सैफ अली खान की जोड़ी वाली अपकमिंग फिल्म 'हैवान' बन रही है। यह फिल्म मोहनलाल की फिल्म 'ओप्पम (2016)' पर आधारित बताई जा रही है। 'हैवान' ने पहले ही सुर्खियां बटोर ली हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें समुथिरकानी, असरानी और ईनार हेराल्डसन भी नजर आएंगे।



# इन मशहूर गायकों ने गाए माता रानी के भजन

**नई दिल्ली।** नवरात्रि के पावन अवसर पर माता रानी यानी मां दुर्गा के भजन हर घर में गूंजते हैं। इन भजनों की मधुर धुनें भक्तों के दिल को छू लेती हैं और पूजा का माहौल और भी भक्तिमय बना देती हैं। आज हम बात करेंगे उन मशहूर भजनों की, जिन्होंने माता रानी की भक्ति को और भी शानदार बना दिया, जो आज भी करोड़ों लोगों की जुबान पर हैं।



### लखबीर सिंह लक्खा

लखबीर सिंह लक्खा भजन गायन के दुनिया के सबसे बड़े नामों में से एक हैं। इन्हें 'भक्ति गीतों का सम्राट' कहा जाता है। लखबीर ने माता रानी के कई सुपरहिट भजन गाए हैं, जो नवरात्रि के बिना अधूरे से लगते हैं। इनके भजनों ने रिकॉर्ड तोड़े हैं, क्योंकि ये गाने लाखों-करोड़ों बार सुने गए हैं। प्रसिद्ध भजन- 'मंग के साथ यो दिल मरजानी', 'मैया का चोला लाल रंग का' और 'रानी काली का चली कौन संग'

### नरेंद्र चंचल

नरेंद्र चंचल एक ऐसे गायक थे, जिनकी आवाज में माता रानी की शक्ति झलकती है। नरेंद्र ने 500 से ज्यादा भजन रिकॉर्ड किए हैं। उनके गाने इतने पॉपुलर हैं कि उन्होंने एल्बम बिक्री के रिकॉर्ड तोड़े। उन्होंने भक्ति संगीत को पॉपुलर बनाया और कई रिकॉर्ड भजन दिए। प्रसिद्ध भजन- मेरा आपकी कृपा का प्याला, ओ जंगल के राजा और तेरे भाग्य के चमकेंगे। ये भजन नवरात्रि में हर जगह बजते हैं और भक्तों को झूमने पर मजबूर कर देते हैं।

### गुलशन कुमार

गुलशन कुमार भजन गायन के साथ-साथ टिप्स इंडस्ट्री के संस्थापक भी रहे। उन्होंने माता रानी के भजनों को घर-घर पहुंचाया। उनकी आवाज सादगी भरी है, जो सीधे दिल तक जाती है। प्रसिद्ध भजन- दुर्गा है मेरी मां और जय माता दी जैसे भजन हिट है। ये भजन नवरात्रि को स्पेशल बनाते हैं।

### अनुराधा पौडवाल

अनुराधा पौडवाल एक प्रसिद्ध भारतीय गायिका हैं, जो भक्ति संगीत की दुनिया में अपनी मधुर और भावपूर्ण आवाज के लिए जानी जाती हैं। आज तक सैकड़ों भक्ति गीतों को अपनी आवाज दी है। उनके भजन नवरात्रि, दुर्गा पूजा, राम नवमी जैसे त्योहारों में बहुत लोकप्रिय हैं। अनुराधा जी ने कई एल्बम, फिल्मों और टीवी शो के लिए भजन गाए हैं, जैसे श्रद्धा की ज्योति, ऊं जय अम्बे गौरी और जय मां अम्बे जगदंबे।

## एक्शन-कॉमेडी से लेकर सस्पेंस-रोमांस का मजा उठा पाएंगे दर्शक

# इस हफ्ते ओटीटी पर मिलेगा एंटरटेनमेंट का भरपूर डोज

*नई दिल्ली। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर हमेशा की ही तरह इस हफ्ते भी दर्शकों के लिए एंटरटेनमेंट की भरमार होने वाली है। इस पूरे हफ्ते कई नई फिल्में और वेब सीरीज, शोज रिलीज होने वाले हैं। इस सप्ताह की रिलीज में थ्रिलर, ड्रामा, रियलिटी शो और कॉमेडी की भरमार है, जो हर उम्र और रुचि के दर्शकों को आकर्षित कर सकती हैं।*



**धड़क 2:** साल 2018 की फिल्म धड़क का आध्यात्मिक सीक्वल है और तमिल फिल्म 'पारियेरुम पेरुमल' की रीमेक है। यह फिल्म भोपाल के बैकड्रॉप में नीलेश और विधि की प्रेम कहानी को दर्शाती है, जिसमें जातिगत भेदभाव और सामाजिक चुनौती पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर 26 सितंबर से देखने के लिए उपलब्ध होगी।

**हृदयपूर्वम :** हृदयपूर्वम में संदीप नाम का एक धनी व्यवसायी और हृदय प्रत्यारोपण प्राप्त व्यक्ति की कहानी दिखाई गई है। पुणे में रुकने के दौरान वो हरीथा के परिवार के करीब आता है और रिश्तों की नई परिभाषा सीखता है। यह फिल्म जियोहॉटस्टार पर 26 सितंबर से ओटीटी प्ले प्रीमियम सब्सक्रिप्शन पर उपलब्ध होगी।

**रिएलिटी रानीज ऑफ द जंगल :** इस बार शो का सेट जंगली जंगल से तटवर्ती क्षेत्र में बदल गया है। वरुण सूद द्वारा होस्ट किया गया यह शो महिला कंटेस्टेंट्स की साहसिक और चुनौतीपूर्ण प्रतिस्पर्धा को दिखाता है। इसमें सारा गुरपाल, साम्युक्ता हेगड़े और राखी सावंत जैसी कंटेस्टेंट्स शामिल हैं। ये शो 22 सितंबर से डिस्कवरी प्लस पर देखने को मिल रहा है।

**बिग बॉस कन्नड़ सीजन 12 :** किच्चा सुदीप की मेजबानी में बिग बॉस कन्नड़ का यह सीजन कई रोमांचक ट्विस्ट और ड्रामे लेकर आता है। अरविंद रथान, गिली नाटा और समीर एमडी जैसे कंटेस्टेंट्स इसमें भाग ले रहे हैं। यह शो 28 सितंबर से जियोहॉटस्टार पर उपलब्ध होगा।

**सिक्सर सीजन 2 :** सिक्सर सीजन 2 में निक्कू की कहानी बताई गई है, जो एक पूर्व स्ट्रिट क्रिकेट प्रोडिजी था। इस सीजन में दोस्ती, प्रतिस्पर्धा और व्यक्तिगत विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है। एमएक्स प्लेयर पर यह सीरीज 24 सितंबर से स्ट्रीम की जाएगी।

**सन ऑफ सरदार 2 :** अजय देवगन की फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' में जसी अपनी पूर्व पत्नी डिंपल को मनाने के लिए स्कॉटलैंड जाता है। फिल्म में पारिवारिक कॉमेडीऔर रोमांच का मिश्रण है। नेटफ्लिक्स पर यह फिल्म 26 सितंबर से उपलब्ध होगी।

**द फ्रेंड :** 'द फ्रेंड' इरिस नाम के लेखक और उनके 150 पाउंड के डॉग अपोलो के बीच विकसित हो रहे रिश्तों की कहानी है। यह फिल्म दोस्ती, व्यक्तिगत विकास और भावनात्मक संघर्ष को उजागर करती है। यह जियोहॉटस्टार पर 28 सितंबर से उपलब्ध होगी।

**टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल :** टू मच एक अनस्क्रिप्टेड चैट शो है जिसमें बॉलीवुड सितारे सलमान खान, आलिया भट्ट, करण जौहर और विक्की कौशल जैसे सेलेब्स काजोल और ट्विंकल खन्ना के शो का हिस्सा बनेंगे। इसमें दर्शकों को सितारों के निजी अनुभवों और मनोरंजक चर्चाओं का अनुभव मिलता है। प्राइम वीडियो पर यह शो 25 सितंबर से देखा जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### जिले में 1272.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 22 सितम्बर तक 1272.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 12.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1478.9 मिली मीटर, पुसौर में 1381.4, खरसिया में 1161.5, घरघोड़ा में 1258.6, तमनार में 994,8, लैलूंगा में 1093.9, मुकडेगा में 1482.6, धरमजयगढ़ में 1010.6, छाल में 1203.5 एवं कापू में 1659.9 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### गड्ढे के कारण कार पलटी एक गंभीर रूप से घायल

**राउरकेला।** सोमवार रात करीब 2 बजे राउरकेला के चैंबर ऑफ कॉमर्स रोड के पास एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। ठीक से मरम्मत न किए गए गड्ढे से टकराने के बाद कार पलट गई। इस घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गड्ढे के कारण चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिससे कार पलट गई। घायल ने कहा अधिकारियों को सूचित करने के बावजूद, घटनास्थल पर कोई पुलिस नहीं पहुंची, और तुरंत मदद के लिए कोई आगे नहीं आया। घायल व्यक्ति को उसके दोस्तों की मदद से जेपी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। स्थानीय निवासियों ने इस हादसे पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। प्रत्यक्षदर्शी राकेश ने कहा सड़क की हालत दयनीय है, और यह सरासर लापरवाही है। वहीं राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आरएमसी व पीडब्लूडी विभागीय अधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज हो व कड़ी कार्रवाई हेतु दिशानिर्देश जारी हों। किसी तरह के डाइवर्सन व सुरक्षा निशान का नहीं होना अपने आप मे ही बड़ा सवाल है। इस घटना ने स्थानीय प्रशासन के कामकाज पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। नागरिकों का आरोप है कि खराब रखरखाव और समय पर निगरानी की कमी से शहर में सड़क सुरक्षा गंभीर खतरे में है।

### राज्य स्तरीय श्रेष्ठ स्वयंसेवक के लिए सुशांत चयनित

**रायगढ़।** राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय सम्मान समारोह 2024-25 के लिए शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ से सुशांत पटनायक को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु श्रेष्ठ एनएसएस स्वयंसेवक के रूप में चयनित किया गया। विदित हो कि इस वर्ष शहीद नन्दकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ को एनएसएस के 3 राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है, जिसमें श्रेष्ठ स्वयंसेवक के रूप में सुशांत पटनायकए श्रेष्ठ जिला संगठक के रूप में भोजराम पटेल और श्रेष्ठ संस्था के रूप में राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला अकलतराए जिला जांजगीर चांपा को प्राप्त हुआ है। यह सम्मान समारोह 24 सितंबर को एनएसएस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर प्रदेश की राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा।

## निधन...

### लाभो राम लहरे

**कोसीर।** कोसीर के पूर्व सरपंच



लाभो राम लहरे का अचानक स्वास्थ्य विगडने से आकस्मिक निधन हो गया। 16 सितंबर को इलाज के लिए रायपुर लेकर गए थे लेकिन अचानक स्वास्थ्य विगडने से उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम में किया गया।

### 1200 से अधिक श्रद्धालु योजना का ले चुके लाभ

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना से श्रीरामलला दर्शन कर श्रद्धालुओं के सपने हो रहे पूरेः ओपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा नगर निगम ऑडिटोरियम में श्रीरामलला दर्शन योजना एवं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में शामिल वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान हेतु भव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वित्त मंत्री ओपी चौधरी भगवान श्रीराम की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान रामायण की आरती से पूरा वातावरण राममय हो गया। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने श्रद्धालुओं को पुष्पगुच्छ भेंटकर एवं चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया।

सम्मेलन में श्रीरामलला दर्शन योजना एवं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की अविस्मरणीय स्मृतियों को संजोए हुए वीडियो प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र बनी। इस कार्यक्रम में नगर निगम रायगढ़ महापौर जीवर्धन चौहान, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक सिदार, नगर निगम सभापति डिग्रीलाल साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो, अरूणधर दीवान, रविन्द्र गबेल, श्रीकांत सोमावार, विकास केडिया, सतीश बेहरा, पवन शर्मा, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत सीईओ जितेंद्र यादव सहित प्रशासनिक अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।





### संस्कृति और आस्था के संरक्षण कर रही सरकार : अरूण

जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक सिदार ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि इतनी बड़ी योजना हमारी सरकार के आने के बाद लागू हुई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राममंदिर निर्माण का सपना साकार हुआ है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है उसी प्रकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने का संकल्प लिया गया है। अरुणधर दीवान ने कहा कि यह हमारे लिए अत्यंत सौभाग्य का विषय है कि हम उन श्रद्धालुओं का अभिनंदन कर रहे हैं जो भगवान श्रीराम के साक्षात दर्शन करके लौटे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता हमेशा संस्कृति और आस्था के संरक्षण की रही है।

नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि आज का दिन अत्यंत शुभ और ऐतिहासिक है। इस सम्मेलन के माध्यम से श्रद्धालुओं का सम्मान करना उनके लिए आत्मिक सुख और संतोष का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम भारतीय संस्कृति के मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। उनका छत्तीसगढ़ से गहरा नाता रहा है। माता कौशल्या छत्तीसगढ़ की बेटी थीं और इसी कारण भगवान श्रीराम को हम भांजा मानते हैं। वित्तमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि त्रेता युग में भगवान श्रीराम का वनवास 14 वर्ष में समाप्त हो गया था किंतु कलयुग में राम मंदिर निर्माण का संघर्ष 500 वर्षों तक चला। जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण संभव हो पाया, जो करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है।

### दर्शन कर अभिभूत हो रहे बुजुर्ग वर्ग

नगर निगम महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि हमारे माता.पिता हमें जन्म देकर पालते पोसते हैं, शिक्षा दिलाकर हमें योग्य और सक्षम बनाते हैं। उनकी सबसे बड़ी आकांक्षा रहती है कि जीवन के अंतिम पड़ाव में उन्हें सम्मान और सुरक्षा मिले। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की पहल से योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना से अब गरीब परिवारों के बुजुर्गों को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह योजना वास्तव में हमारे बुजुर्गों के सपनों को पूरा करने का कार्य कर रही है। हमारी सरकार ने जिस तरह से वरिष्ठ नागरिकों की चिंता की है, उसके लिए मैं मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री की ओर से जनता की ओर से हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करता हूँ।

### तीर्थ दर्शन कर लौटे श्रद्धालुओं ने साझा किए अपना अनुभव

तरामलला दर्शन योजना और मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखण्डों के 1206 श्रद्धालु जिनमें 745 पुरुष व 461 महिलाएँ अयोध्या, काशी सहित अन्य तीर्थों का दर्शन कर लौटे। श्रद्धालुओं ने सम्मेलन में अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यात्रा उनके जीवन का अविस्मरणीय क्षण रहा। पुसौर निवासी खगेश्वर पटेल ने रामायण श्लोकों के साथ कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रयास से ही यह संभव हुआ। राजकुमारी साव ने भी यात्रा को सहज और सुखद बताते हुए कहा कि न जाने में कोई कठिनाई हुई और न लौटने में। उमेश सिंह सिदार ने कहा कि सरकार हमेशा से वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान के लिए कार्य करती रही है। यात्रा के दौरान भोजन, स्वास्थ्य और सुरक्षा की व्यवस्थाएँ उत्कृष्ट रहीं।

### दो दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ निर्माण के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर किरोड़ीमल शासकीय कला एवं महाविद्यालय के रसायनशास्त्र विभाग द्वारा 19 एवं 20 सितम्बर को दो दिवसीय हैंड्स आन ट्रेनिंग प्रोग्राम इन वाटर क़्वालिटी पैरामीटर्स एनालिसिस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु छत्तीसगढ़ कौंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के कोऑर्डिनेटर सेल स्कीम द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान किया गया था। इस वर्कशॉप में उत्तम मेमोरियल कॉलेज रायगढ़, रायगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, शासकीय महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरसिया, शासकीय मयूरध्वज महादानी राजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय चाम्पा एवं किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ से प्रथम दिवस 152 एवं द्वितीय दिवस 156 विद्यार्थियों ने सक्रिय हिस्सा लिया। इस वर्कशॉप के माध्यम से विद्यार्थियों को पानी से जुड़े सैधांतिक एवं प्रायोगिक दोनों तरह का ज्ञान दिया गया। प्रथम दिवस के प्रथम स्पीकर के रूप में डॉ. नोविना मालवीय, पोस्टडॉक्टोरल रिसर्च साइंटिस्ट, मैक्स प्लांक इंस्टिट्यूट जर्मनी द्वारा करियर काउंसिलिंग के माध्यम से रिसर्च से जुड़े संभावनाओ पर व्याख्यान दिया गया। साथ ही डॉ मालवीय द्वारा विभिन्न देशो द्वारा रिसर्च करने के लिए दिए जाने वाले स्कालरशिप के संबंध में अति महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किया गया।

## पंडवानी गायिका पूनम की प्रस्तुति, झूमे दर्शक

**सरिया।** मां की आराधना के पर्व नवरात्रि की प्रथम दिवस की रात्रि पर बरमकेला विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम मारोदरहा में गरियाबंद जिला के ग्राम मड़ेली से आई पंडवानी गायिका सुश्री पूनम सिन्हा ने आकर्षक भाव भंगिमाओं के साथ पंडवानी गायन प्रस्तुत कर दर्शकों को वीर रस से भर दिया।



पूनम सिन्हा ने अपनी सुरसुरभी पण्डवानी टीम के साथ महाभारत प्रसंग के अंतर्गत पाण्डवों की अज्ञातवास की कथा को अपने चिर परिचित अंदाज में वर्णन किया तथा सुमधुर गीत संगीत नृत्य से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय जवाहर नायक उपाध्यक्ष जिला पंचायत विशिष्ट अतिथि चूड़ामणि पटेल एवं राधामोहन पाणिग्राही पूर्व महामंत्री भाजपा मण्डल सरिया, अति विशिष्ट अतिथि मुरलीधर पटेल अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति गोबरसिंहा, प्रदीप पटेल उपसरपंच ग्राम पंचायत साल्हेओना, नंदकिशोर डनसेना सांसद प्रतिनिधि, संजय सिदार, रोशन डनसेना, किरण पटेल, हेमसागर पटेल, माधव पटेल समेत बड़ी संख्या में बंधु भगिनियों की उपस्थिति रही। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत मारोदरहा के सरपंच प्रतिनिधि टेकलाल सिदार एवं उपसरपंच दिनेश डनसेना के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चना करके विधिवत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों एवं पंडवानी कलाकारों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत सत्कार सरपंच प्रतिनिधि टेकलाल सिदार एवं दुर्गा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अजय जवाहर नायक ने कहा कि ऐसे मौसम में भी लोगों का इस महोत्सव के प्रति प्यार और जुड़ाव अद्भुत है।

## ओपीडी टाइमिंग में ड्यूटी पर उपस्थित रहें डॉक्टर्स : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- धान खरीदी, डेंगू बचाव, निर्माण एजेंसी के कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश



कलेक्टर चतुर्वेदी ने समय सीमा की बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से कहा कि कई बार शिकायतें मिलती हैं कि ओपीडी टाइमिंग में डॉक्टर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित नहीं है। यह स्थिति स्वीकार्य नहीं है। जिला अस्पताल से लेकर समस्त शासकीय अस्पताल में सभी डॉक्टर्स और मेडिकल स्टाफ को निर्देशित किया जाए कि ओपीडी के लिए जो टाइमिंग निर्धारित की गई है उस समय अस्पताल में मरीजों के इलाज के लिए उपलब्ध रहें। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज के प्रगति की समीक्षा की।

कलेक्टर चतुर्वेदी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि ट्रांसफार्मर के बॉक्स खुले हुए न रहे। इसके लिए शहर में एक निरीक्षण अभियान चलाकर ऐसे सभी बॉक्स बंद किया जाए। उन्होंने फील्ड पर काम कर रहे विद्युतकर्मियों को भी मरम्मत के पश्चात सतर्कता बरतते हुए बॉक्स को अनिवार्य रूप से बंद करने के निर्देश दिए। शहर के बीच से होकर भारी वाहनों की आवाजाही को लेकर कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने ट्रैफिक डीएसपी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने धान खरीदी की तैयारियों को लेकर समीक्षा की। उन्होंने जिले की सीमा पर चेक पोस्ट बेरियर स्थापित करने तथा विभागीय कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। साथ ही उपार्जन केंद्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन के लंबित आवेदनों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने आवेदनों के लंबित होने के कारणों की जानकारी विभागीय अधिकारियों से ली। उन्होंने लंबित मामलों में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान होना चाहिए।

### डेंगू से बचाव के लिए चलाएं विशेष अभियान

कलेक्टर ने रायगढ़ नगर निगम के साथ जिले के सभी नगरीय निकायों में डेंगू के साथ जल और मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने पिछले सालों के प्रभावित इलाकों में विशेष रूप से दवा का छिड़कावए संभावित प्रभावित क्षेत्रों में डोर टू डोर सर्वे करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नगरीय निकायों में वहां के निवासियों और शैक्षणिक संस्थाओं में जागरूकता अभियान चलाने के लिए कहा। सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र में इन सभी अभियानों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

## अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा





**चंद्रपुर।** नगर पंचायत चंद्रपुर में सोमवार को महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा एवं विविध सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्थानीय अग्रसेन भवन प्रांगण में संपन्न हुआ। शाम 4 बजे अग्रसेन भवन से निकली शोभायात्रा भारत माता चौक, यादव मोहल्ला, देवांगन मोहल्ला, मंदिर चौक, बस स्टैंड होते हुए पुनः अग्रसेन भवन पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। बच्चों, युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने शोभायात्रा को और भी जीवंत बना दिया। ढोल नगाड़ों और बैंड की धुनों के बीच श्रद्धालुओं ने जयघोष करते हुए महाराजा अग्रसेन के आदर्शों का प्रसार किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण से हुआ। इसके पश्चात समाजजनों ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर पूजा अर्चना, आरती और माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। बच्चों, महिलाओं और वरिष्ठजनों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की। साथ ही विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिसने वातावरण को मनोरंजक बनाने के साथ समाजसेवा और सामूहिकता का संदेश दिया। अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्य लक्ष्मीचरण अग्रवाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने जीवनभर समाज सेवाए परोपकार और एकता का संदेश दिया। मारवाड़ी युवा मंच और महिला समिति ने पूरे कार्यक्रम की भूमिका बनाई और उसे सफलता पूर्वक निभाया। महाराजा अग्रेसन के आदर्श आज भी समाज को मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं।

### कलूंगा में ब्रिज निर्माण अधर में, बढ़ा हादसों का खतरा

**राउरकेला।** वेदव्यास सोमिल चौक के ढलान पर लोटस केमिकल्स के सामने पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाए जा रहे कलूंगा ब्रिज का निर्माण अधर में लटका हुआ है। काम में लगातार हो रही देरी से स्थानीय लोगों में आक्रोश का माहौल है और हादसों का खतरा भी बना हुआ है। पहले से ही खतरनाक ढलान पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। अब अधूरा ब्रिज इस समस्या को और बढ़ा रहा है। समीपवर्ती स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं और रोजाना कलूंगा से आवाजाही करने वाले लोग सबसे ज्यादा परेशान हैं। एई एसडीओ के अनुसार 30 प्रतिशत से अधिक डिविएशन के कारण निर्माण कार्य में रुकावट आई है। हालांकि जानकारों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों की ठेकेदारों को दी जा रही शह के चलते नियमों और दिशा निर्देशों की खुली अनदेखी हो रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह रवैया न केवल सरकारी नियमावली के खिलाफ है, बल्कि क्षेत्र के समुचित विकास और आम जन की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ भी है।

## जीएसटी रिफार्म से 140 करोड़ देशवासी लाभान्वित : अरूणधर

**रायगढ़।** जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान जीएसटी रिफार्म पर मीडिया को दिए बयान में कहा मोदी सरकार के इस कदम से 140 करोड़ देशवासी किसी ना किसी रूप में लाभांवित होंगे। मोदी सरकार की ओर से आम जनता को दिपावली पर दिया यह बड़ा तोहफा है। दीवान ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से इसकी घोषणा की और में एक महीने में इसे लागू भी कर दिया गया। इस निर्णय से आम आदमी अधिक लाभान्वित होगा। कार, दोपहिया वाहन, फ्रिज, एसी और इलेक्ट्रानिक्स जैसी इस्तेमाल की वस्तुएं सस्ती होंगी। सीमेंट और निर्माण सामग्री पर टैक्स घटने से घर बनाने की लागत कम होगी। आयुर्वेदिक और रोजमर्रा की



उपभोग की वस्तुएं आमजन की पहुंच में होंगी। व्यापार और उद्योग जगत के लिए भी यह सुधार महत्वपूर्ण है। सीमेंट और एफएमसीजी जैसे सेक्टरों में लागत घटने से मांग में बढ़ोतरी होगी। वर्ष 2017-18 में देशभर का कुल जीएसटी संग्रह 7.19 लाख करोड़ रुपये था जो 2024-25 में बढ़कर 22.08 लाख करोड़ रुपये हो गया। जीएसटी ने कारोबार में पारदर्शिता लाई है। हर लेन देन आनलाइन रिकार्ड होने से टैक्स संग्रह बढ़ा। छोटे छोटे कारोबारी भी अर्थव्यवस्था में मजबूत भागीदारी निभा रहे। यह प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया के विजन को साकार करता है। अरुण धर दीवान ने कहा जीएसटी सुधारों से निवेशकों का भरोसा और मजबूत होगा तथा आटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और रियल एस्टेट सेक्टर में निवेश बढ़ेगा। इसका सीधा लाभ युवाओं को मिलेगा और रोजगार व स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। नवरात्रि के पहले दिन से 99 फीसदी सामान अब 5 फीसदी के स्लैब में आ जाएंगे और ये सस्ते हो जाएंगे। आम जनता की बचत बढ़ेगी और अपनी पसंद की चीजों को आसानी से खरीद सकते है। देश के गरीब, मिडिल क्लास, युवा, किसान, महिलाओं को इस निर्णय से बड़ा फायदा होगा।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
एंडोसोनोग्राफी/
एंडोअल्ट्रासाऊंड (EUS)
गेस्ट्रोएन्टेरोलॉजी एवं हिपेटोलॉजी विभाग
- पेनक्रियास एवं पित्त नलिका की बीमारियों का सूक्ष्म एवं सटीक परीक्षण एवं उपचार
- पेट के कैंसर की विश्वसनीय एवं सटीक स्टेजिंग (Staging)
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक
28 अक्टूबर 2025
10 नवंबर 2025
16 दिसंबर 2025
16 जनवरी 2026
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 9,100/-
25 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
31 सीटें शेष
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
वेजर लाइपोसक्शन द्वारा
मोटापे का ईलाज



पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371